Ans. (d) : राजस्थान का पश्चिमी क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण स्कूल उदयपुर में स्थित है। इस संस्थान का उद्घाटन 1956 ई. में किया गया था। 1992 ई. में इसका नाम जोनल ट्रेनिंग सेंटर रखा गया तथा 2003 ई. में नाम बदलकर जोनल रेलवे ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कर दिया गया।

121. राजस्थान में मुख्यमंत्री राजनीर योजना का शुभारम्भ हुआ-

(a) 13 मार्च 2019 में (b) 13 मार्च 2020 में
(c) 13 मार्च 2021 में (d) 13 मार्च 2018 में

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (b) : राजस्थान में मुख्यमंत्री राजनीर योजना का शुभारंभ 13 मार्च, 2020 ई. को किया गया। जिसके तहत राज्य के शहरी क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं की मासिक जल खपत 15 हजार लीटर से कम होने पर जल शुल्क माफ किया जायेगा। घरों में स्मार्ट वाटर मीटर लगाए जायेंगे।

122. कौन सा सही सुमेलित नहीं है?

(a) सौ द्वीपों का शहर- बांसवाड़ा
(b) मरूस्थल का प्रवेश द्वार- जैसलमेर
(c) नीला शहर - जोधपुर
(d) राजस्थान का जिब्राल्टर- अजमेर

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (b) : सही सुमेलित है

स्थल	-	जिला
सौ द्वीपों का शहर	-	बांसवाड़ा
मरूस्थल का प्रवेश द्वार	-	जोधपुर
नीला शहर	-	जोधपुर
राजस्थान का जिब्राल्टर	-	अजमेर
थार का प्रवेश द्वार	-	चुरू

123. अटल भूजल योजना किसके वित्तीय सहयोग से लागू की गई है?

(a) एशियाई विकास बैंक
(b) कैनेडियन इण्टरनेशनल डेवलपमैण्ड ऐजेंसी
(c) विश्व बैंक
(d) जापान इण्टरनेशनल कोऑपरेटिव ऐजेंसी

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (c) : अटल भूजल योजना विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग से लागू की गयी। यह योजना देश के सात राज्यों में चिन्हित जल संकट वाले क्षेत्रों में स्थायी भूजल प्रबंधन के लिए सामुदायिक भागीदारी और मांग पक्ष पर जोर देती हैं। इस योजना के तहत राज्यों की सहायता अनुदान के रूप में राशि प्रदान की जायेगी। विश्व बैंक का वित्त पोषण एवं नए ऋण साधन के रूप में किया जायेगा।

124. राजस्थान में जैतून तेल शोधन संयंत्र स्थित है-

(a) लूणकरणसर में (b) सरदारशहर में
(c) मण्डोर में (d) देशनोक में

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (a) : राजस्थान में जैतून तेल शोधन संयंत्र बीकानेर के लूणकरसर में स्थित है। राजस्थान इस प्रकार की रिफाइनरी स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य है। वर्ष 2008 में इजरायल के सहयोग से राजस्थान में जैतून की कृषि प्रारम्भ की गई।

125. राजस्थान के सन्दर्भ में ''प्लग एंड प्ले सुविधा'' का तात्पर्य है-

(a) वंचित समुदाय के बच्चों में शिक्षा के प्रसार के लिए
(b) विनिर्माण औद्योगिक ईकाइयों की स्थापना के लिए
(c) अठारह वर्ष से कम उम्र की बालिकाओं की रक्षा के लिए
(d) सहकारी समितियों को बढ़ावा देने के लिए

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (b) : राजस्थान राज्य सरकार जुलाई 2020 को 'प्लग एंड प्ले' अवधारणा की मंजूरी प्रदान की। इस अवधारणा के तहत औद्योगिक गतिविधि शुरू करने के लिए रीको (RICCO) खुद अत्याधुनिक इमारत उपलब्ध कराएगा। सूक्ष्म एवं लघु उद्योग संचालक वहाँ सीधे काम शुरू कर सकेंगे। जयपुर के सीतापुर के स्पेशल इकोनॉमिक जोन से ये पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है।

126. जयपुर का स्थापना वर्ष है-

(a) 1727 ई. (b) 1723 ई.
(c) 1702 ई. (d) 1750 ई.

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018

Ans. (a) : जयपुर की स्थापना 18 नवम्बर, 1727 को महाराजा सवाई जय सिंह द्वारा की गई थी। जयपुर शहर के वास्तुकार विद्याधर भट्टाचार्य थे। 1876 में प्रिंस ऑफ वेल्स के स्वागत में महाराजा सवाई मानसिंह ने पूरे शहर को गुलाबी रंग से रंगवा दिया था। तभी से इस शहर का नाम पिंक सिटी पड़ गया।

127. जयपुर शहर का वास्तुकार एवं नगरनियोजक कौन था?

(a) विद्याधर भट्टाचार्य (b) जीवा
(c) दीपक (d) मण्डन मिश्र

कनिष्ठ अभियन्ता (यांत्रिक) (डिप्लोमाधारक)-2020

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें

128. जयपुर में राम प्रकाश थिएटर की स्थापना किसने की है?

(a) महाराजा रामसिंह द्वितीय (b) सवाई जयसिंह
(c) महाराजा मानसिंह (d) महाराजा प्रतापसिंह

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018